# एमवाय के फार्मासिस्ट के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा, आय से 108 प्रश अधिक संपत्ति उजागर

- सरकारी दवाओं के स्टॉक में कथित गड़बड़ी की जांच के बीच कार्रवाई
- छह संपत्तियों के दस्तावेज, सरकारी रिकॉर्ड, पासपोर्ट और 1.51 लाख नकद जब्त
- बिना अनुमति थाईलैंड यात्रा भी जांच के घेरे में





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्कीम नंबर 140 स्थित वृंदावन गार्डन में मंगलवार सुबह उस समय हलचल मच गई, जब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की टीम एमवाय अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के घर पहुंची. अधिकारी सीधे दस्तावेजों की पड़ताल में जुट गए और करीब पांच घंटे चली कार्रवाई के दौरान नकदी, बैंक रिकॉर्ड, पासपोर्ट, सरकारी दस्तावेज और करोड़ों की संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए. शुरुआती जांच में गोरखे और उनकी पत्नी के नाम वैध आय से 108 प्रतिशत अधिक चल अचल संपत्ति मिलने के बाद अब ईओडब्ल्यू संपत्ति के स्रोत, सरकारी दवाओं के स्टॉक में कथित गड़बड़ी और अन्य वित्तीय लेन देन की कड़ियां खंगाल रही है. सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर एक बजे तक चली. इस दौरान ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने घर में मौजूद दस्तावेजों की बारीकी से जांच की. तलाशी में करीब 1.51 लाख रुपए नकद, बैंक पासबुक, पासपोर्ट, कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए. कार्रवाई पूरी होने के बाद टीम सभी दस्तावेज अपने साथ ले गई. जांच में सामने आया कि राकेश गोरखे वर्ष 2007 में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्त हुए थे. वर्ष 2015 में उनका मासिक वेतन 18,711 रुपए था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 54,664 रुपए हो गया. उनकी पत्नी कीर्ति गोरखे वर्ष 2010 से शासकीय दंत चिकित्सालय में लाइब्रेरियन हैं और वर्तमान में 42,402 रुपए प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रही हैं. ईओडब्ल्यू की जांच के अनुसार जांच अवधि (चेक पीरियड) में दंपती की कुल वैध आय 1 करोड़ 11 लाख 31 हजार 383 रुपए रही, जबकि उनके पास 2 करोड़ 13 लाख 85 हजार रुपए से अधिक की चल अचल संपत्ति मिली. यह उनकी घोषित आय से करीब 108 प्रतिशत अधिक है.

**बिना अनुमति थाईलैंड यात्रा भी जांच में...**–तलाशी के दौरान जब्त पासपोर्ट से पता चला कि राकेश गोरखे अक्टूबर 2023 में विभागीय अनुमति लिए बिना थाईलैंड गए थे. ईओडब्ल्यू अब इस विदेश यात्रा पर हुए खर्च का भी आकलन कर रही है और उसे आरोपी के कुल व्यय में शामिल किया जाएगा.

**पहले भी विवादों में रह चुका है...** राकेश गोरखे का नाम पहले भी विवादों में आ चुका है. कुछ महीने पहले एमजीएम मेडिकल कॉलेज में तत्कालीन डीन के निजी सहायक भावेश उपाध्याय के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. घटना के बाद कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें निलंबित कर शासकीय मनोरोग चिकित्सालय, बाणगंगा में अटैच कर दिया था. मामले में पुलिस ने भी प्रकरण दर्ज किया था.

### शहर में छह संपत्तियों का खुलासा...

जांच में स्कीम नंबर 140 स्थित वृंदावन गार्डन का दो मंजिला मकान, साकार एनआरआई सिटी का बड़ा प्लॉट, साहिल इंद्रांचल होम्स, संघवी रेजीडेंसी और सद्गुरु नंदी विहार में प्लॉट सहित कुल छह संपत्तियों का पता चला है. इसके अलावा ओमेक्स डेवलपर्स में प्लॉट बुकिंग के लिए 6.70 लाख रुपए जमा करने के दस्तावेज भी मिले हैं. ईओडब्ल्यू इन संपत्तियों में लगाए गए धन के स्रोत और स्वामित्व का सत्यापन कर रही है. जांच में यह भी सामने आया है कि कई संपत्तियों की जानकारी विभाग को नहीं दी गई थी.

### विस्तृत जांच जारी है...

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की जांच के बाद न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर कार्रवाई की गई. जांच में आरोपी और उसके परिवार के नाम वैध आय से लगभग 108 प्रतिशत अधिक चल अचल संपत्ति मिली है. तलाशी के दौरान नकदी, बैंक दस्तावेज, पासपोर्ट, सरकारी रिकॉर्ड और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं. विदेश यात्रा, संपत्तियों के स्रोत तथा अन्य वित्तीय लेन देन की विस्तृत जांच जारी है.

# सगाई के बाद फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से युवती को धमकियां, पूर्व क्लासमेट पर केस

## अश्लील मैसेज भेजने और आवाज बदलकर कॉल करने का आरोप

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सगाई के बाद एक युवती को सोशल मीडिया पर परेशान करने का मामला सामने आया है. युवती को फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से लगातार अश्लील और आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे थे. जब मामला बढ़ा तो पीड़िता के साथ उसकी मां और होने वाली सास को भी संदेश भेजे जाने लगे. इसके बाद साइबर सेल से कराई गई तकनीकी जांच में फर्जी अकाउंट का कनेक्शन उसकी पूर्व क्लासमेट से जुड़ गया. पुलिस ने आरोपी छात्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता और आरोपी छात्रा रिया करीब तीन साल तक एक ही स्कूल में साथ पढ़ चुकी हैं. करीब तीन महीने पहले पीड़िता की सगाई हुई थी. इसके बाद उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फर्जी आईडी से आपत्तिजनक मैसेज आने लगे. शुरुआत में पीड़िता ने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन कुछ समय बाद संदेशों की भाषा आपत्तिजनक होती चली गई. आरोप है कि फर्जी आईडी से पीड़िता की मां और होने वाली सास को भी अभद्र संदेश भेजे. इसके अलावा एक ऑडियो कॉल के जरिए आवाज बदलकर धमकी देने का आरोप भी लगाया है. लगातार परेशान होने के बाद पीड़िता ने साइबर पुलिस से शिकायत की. तकनीकी जांच में फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट के संचालन से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए, जिसके आधार पर आरोपी छात्रा रिया का नाम सामने आया. पीड़िता ने जब आरोपी छात्रा से इस संबंध में बात की तो उसने कथित रूप से उसे नुकसान नहीं पहुंचा पाने की बात कही. इसके बाद साइबर सेल की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया.

# क्लेम की 80 लाख राशि में हेराफेरी का आरोप, बेटियों के खिलाफ एफआईआर

- पति की मौत के बाद मिली रकम में से 43.50 लाख और मकान के दस्तावेज नहीं लौटाने का आरोप
- कोर्ट के निर्देश पर आजाद नगर पुलिस ने दर्ज किया केस

नव भारत न्यूज

इंदौर. पति की मौत के बाद बिजली विभाग से मिली 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता को लेकर 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी ही बेटियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. महिला का आरोप है कि बैंकिंग प्रक्रिया में मदद के नाम पर बेटियों ने पूरी राशि निकाल ली और उसमें से 43.50 लाख रुपए तथा मकान के मूल दस्तावेज अपने पास रख लिए. पुलिस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली. कोर्ट के निर्देश के बाद आजाद नगर पुलिस ने दो बेटियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फिरदौस नगर निवासी आशा खान उर्फ आयशा खान उम्र 64 साल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति के निधन के बाद बिजली विभाग से करीब 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई थी. बैंक और दस्तावेजी प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी मेहरून खान पर भरोसा किया और राशि से जुड़ी प्रक्रिया की जिम्मेदारी उसे सौंप दी. मेहरून ने खाते से पूरी राशि निकाल ली और मां को केवल 36.50 लाख रुपए दिए. आरोप है कि शेष करीब 43.50 लाख रुपए अपने पास रख लिए. इसके अलावा मकान के मूल दस्तावेज भी वापस नहीं किए. महिला ने जब अपनी रकम और दस्तावेज वापस मांगे तो आरोप है कि दोनों बेटियों ने इनकार कर दिया. शिकायत में बुरहानपुर निवासी दूसरी बेटी शमीम खान की भूमिका भी बताई गई है. इसके बाद बुजुर्ग महिला ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में आवेदन दिया. अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए आजाद नगर पुलिस को प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए. इसके बाद पुलिस ने दोनों बेटियों के खिलाफ केस दर्ज कर बैंक खातों के लेन-देन, दस्तावेजों और रकम के उपयोग की जांच शुरू कर दी है.

### न्यायालय के आदेश पर...

न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. शिकायत में मुआवजा राशि और संपत्ति के दस्तावेज अपने पास रखने का आरोप लगाया है. बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### दिव्यांग बच्चों ने बनाई डिजाइनर राखियां



**महू.** संवेदना स्पेशल स्कूल के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों ने साबित कर दिया कि यदि हौसला और सही मार्गदर्शन मिले, तो कोई भी बाधा कला के आड़े नहीं आ सकती. रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए स्कूल परिसर में एक विशेष राखी मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया. इसमें विशेष बच्चों दिव्यांग बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं और अतिथियों के साथ मिलकर बेहद खूबसूरत और आकर्षक डिजाइनर राखियां तैयार कीं. दो घंटे चली इस कार्यशाला में विशेषकर छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था, जो पारंपरिक रूप से सज-धजकर इस आयोजन का हिस्सा बनीं. बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए रेशम, जरी, धात्विक मेटल पीस, कुंदन और चमकीले स्टोन्स का उपयोग किया. उन्होंने रंग-बिरंगे धागों में सफेद, सुनहरे, नीले, गुलाबी और हरे मोतियों को बड़ी ही बारीकी से पिरोया. बच्चों ने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स और गोल्डन पेंडेंट्स के इर्द-गिर्द मोती जड़कर सुंदर राखियां बनाई. संस्था की संचालिका निशा धीरज शर्मा ने बताया कि बच्चों द्वारा तैयार की गईं ये राखियां न केवल उनके अपने भाइयों की कलाइयों पर सजेंगी, बल्कि स्कूल में आयोजित होने वाले आगामी राखी उत्सव% में मुख्य अतिथियों को भी बांधी जाएंगी. इसके साथ ही, बच्चों के इस हुनर को प्रोत्साहित करने के लिए ये राखियां रोटरी क्लब परिवार, निश्छल परिवार और क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेंट की जाएंगी. यह वर्कशॉप राखियों का लक्ष्य पूरा होने तक नियमित रूप से जारी रहेगी. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब और निश्छल संस्था की ओर से शैलेंद्र शुक्ला, आशीष जैन और शिल्पी शुक्ला उपस्थित थे। बच्चों को इस विधा में पारंगत करने के लिए मेघा पिल्ले, नेत्रा शुक्ला और कविता स्वामी ने विशेष प्रशिक्षण दिया. संचालन व संपूर्ण रूपरेखा संचालिका श्रीमती निशा धीरज शर्मा ने तैयार की. आभार हेमप्रभा चौधरी ने माना.

### महू में चोरी की नाकाम कोशिश

**महू.** कोदरिया गांव की न्यू सुखसागर कॉलोनी में मंगलवार देर रात पांच अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया. हालांकि, चोर घर से कोई भी कीमती सामान चुराने में नाकाम रहे. वारदात के बाद बदमाश पीड़ित परिवार को घर के अंदर ही बंद करके मौके से फरार हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना स्थानीय निवासी जयराम सैनी के घर पर हुई. मंगलवार देर रात करीब पांच बदमाश उनके मकान में घुस आए. चोरों ने पूरे घर के कमरों और सामान को खंगाला और उसे अस्त-व्यस्त कर दिया, लेकिन उन्हें कोई भी कीमती वस्तु हाथ नहीं लगी. इसके बाद वे बिना कोई चोरी किए ही वहां से भाग निकले. भागते समय बदमाशों ने सावधानी बरतते हुए परिवार के सदस्यों को घर के अंदर ही बंद कर दिया था. बदमाशों की यह पूरी करतूत घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. फुटेज में पांच लोग घर के अंदर घुसते और कमरों के आसपास घूमते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ बदमाश अर्धनग्न अवस्था में थे. घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है. साथ ही, आरोपियों के आने-जाने के रास्तों का पता लगाने के लिए सुखसागर कॉलोनी और आसपास के इलाकों में लगे अन्य कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं.



### महू में 8 अगस्त को सजेगी महान गायकों के गीतों की महफिल

**महू.** दीपक जाजू मित्र मंडल द्वारा आगामी 8 अगस्त को शहर के चोपड़ा वाटिका में एक भव्य संगीत निशा मुरकी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगीतमय शाम भारतीय सिनेमा के तीन महान पार्श्व गायको मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश जी के सदाबहार गीतों को समर्पित होगी. मंडल के मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने बताया कि इस गरिमामयी आयोजन में मंडल के 50 से अधिक सुर साधक अपनी मधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए इसे दो विशेष सत्रों में विभाजित किया गया है. प्रथम सत्र की कमान प्रभारी विजय परदेशी और राजीव परदेशी संभालेंगे। द्वितीय सत्र की जिम्मेदारी प्रभारी सुरेश वैद्य, सुनील कौशल, बी.के. पाल और बालकृष्णन पर रहेगी. इस भव्य आयोजन को लेकर शहर के संगीत प्रेमियों में भारी उत्साह है. मंडल के संरक्षक राधेश्याम यादव, वरिष्ठ सदस्य बसंत अग्रवाल, अरुण जोशी, जे.बी. सिंह, महेंद्र चतुर्वेदी, कन्हैयासिंह चौहान, अरुण माहेश्वरी, कमलेश यादव और सुनील कौशल ने महू सहित आसपास के सभी संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में पधारकर मधुर गीतों का आनंद लेने और इस संगीत निशा को सफल बनाने की अपील की है।

# फार्म हाउस में देर रात शराब पार्टी पर पुलिस की दबिश, 200 से ज्यादा युवक-युवतियां मिले

## संचालक पर केस दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शिप्रा थाना क्षेत्र के एक फार्म हाउस में देर रात चल रही शराब पार्टी पर पुलिस ने दबिश देकर कार्रवाई की. मौके पर 200 से ज्यादा युवक युवतियां मिले. जांच में फार्म हाउस में ठहरने वालों का रिकॉर्ड और एंट्री रजिस्टर नहीं मिला. पुलिस ने संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस को सूचना मिली थी कि शिप्रा क्षेत्र के एक फार्म हाउस में देर रात पार्टी चल रही है. सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में युवक युवतियां मौजूद मिले. पुलिस ने फार्म हाउस परिसर और वहां मौजूद लोगों की जानकारी जुटाई. जांच में सामने आया कि ठहरने वालों की पहचान संबंधी जानकारी दर्ज नहीं की गई थी. वहीं, आयोजन की सूचना भी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई थी. पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर उन्हें समझाइश देकर रवाना कर दिया. अब पुलिस यह जांच कर रही है कि आयोजन के लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं और इसमें कौन लोग शामिल थे.

सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां बड़ी संख्या में युवक युवतियां मिले. फार्म हाउस में ठहरने वालों का रिकॉर्ड नहीं मिला और स्थानीय थाने को भी सूचना नहीं दी थी. संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है.

# पैसों के विवाद में खजराना की सड़क पर चाकूबाजी, वीडियो वायरल

- रात 1 बजे दो पक्ष आमने सामने आए, दोनों पक्षों पर केस दर्ज
- वायरल वीडियो और सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में पैसों के लेन देन को लेकर शुरू हुआ विवाद मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात चाकूबाजी तक पहुंच गया. रात करीब 1 बजे दो पक्ष सड़क पर आमने सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट के बाद चाकू निकल आए. घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. सूचना मिलने के बाद खजराना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

घटना रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच की है. मोहसिन और आमीन पक्ष के बीच पैसों के लेन देन को लेकर कहासुनी हुई थी. विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के लोग मौके पर जुट गए और मारपीट शुरू हो गई. आरोप है कि इसी दौरान दोनों ओर से चाकू निकाल लिए और एक दूसरे पर हमला किया. घटना के बाद सामने आए वीडियो में सड़क पर दोनों पक्षों के बीच हो रही झड़प दिखाई दे रही है. पुलिस ने वायरल वीडियो को जांच का हिस्सा बनाया है और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान की जा रही है. सूचना मिलते ही खजराना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. पुलिस वीडियो और सीसीटीवी के आधार पर घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है, कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है.

### आरोपियों की पहचान की जा रही है...

पैसों के लेन देन को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था. विवाद के बाद चाकूबाजी की घटना सामने आई है. दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**एसीपी आशीष पटेल**

# नशे में बस चला रहा चालक पकड़ा, 36 यात्रियों की जान खतरे में डालने का आरोप

- इंदौर से मंडलेश्वर जा रही बस तेज गति से दौड़ा रहा था ड्राइवर,
- जांच में 223 मिलीग्राम अल्कोहल मिला; बस जब्त



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** तेज गति और नशे की हालत में यात्री बस चला रहे चालक को यातायात पुलिस ने तेजाजी नगर चौराहे पर पकड़ लिया. इंदौर से मंडलेश्वर जा रही 36 सीटर बस के चालक की जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई. पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है.

तेजाजी नगर चौराहे पर एक जागरूक नागरिक ने सूचना दी थी कि यात्री बस चालक लापरवाही से तेज गति में वाहन चला रहा है. सूचना के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर बस को रुकवाया. बस में मौजूद यात्रियों ने पुलिस को बताया कि चालक काफी देर से तेज गति और लापरवाही से बस चला रहा था. पूछताछ के दौरान चालक के नशे में होने की आशंका पर उसका ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण कराया. जांच में चालक के शरीर में 223 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर अल्कोहल पाया गया. इसके बाद यातायात पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर थाने में खड़ा कराया. चालक के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए आरटीओ को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है.

### छह वर्षीय बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत

**इंदौर.** कनाड़िया क्षेत्र में मजदूर परिवार के छह वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मंगलवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से एमवाय अस्पताल रेफर किया, इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया.6 वर्षीय मृतक मनीष को परिजन देर रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे. डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि शाम को अचानक उल्टियां होने के बाद उसे क्लीनिक ले जाया था, लेकिन घर लौटने के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा.

# नकली क्राइम ब्रांच बनकर यूएसडीटी की जांच के नाम पर लाखों की लूट

## सीसीटीवी फुटेज से तलाश में जुटी पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर आए दो लोगों ने यूएसडीटी की जांच के नाम पर युवक से लाखों रुपए की डिजिटल करेंसी ट्रांसफर करा ली. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.**

सूत्रों के अनुसार एमआईजी थाना क्षेत्र निवासी एक युवक को मंगलवार रात दो लोगों ने फोन कर पलासिया क्षेत्र में बुलाया. दोनों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए यूएसडीटी की जांच की बात कही और कार्रवाई का डर दिखाकर उसका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया. इसके बाद मोबाइल से डिजिटल करेंसी एक खाते में ट्रांसफर कर दी गई. घटना के बाद युवक ने थाने पहुंचकर शिकायत की. पुलिस ने मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं. पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल नंबर भी जुटा लिए हैं, जिनके आधार पर उनकी तलाश की जा रही है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस वारदात में कोई पुलिस या क्राइम ब्रांच से जुड़ा व्यक्ति तो शामिल नहीं है. अधिकारियों के निर्देश पर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**एक नजर में** — निर्माण में देरी से आधा दर्जन कॉलोनियों की कनेक्टिविटी प्रभावित, व्यापारियों ने जल्द काम पूरा करने की मांग की

# दो साल बाद भी अधूरा मूसाखेड़ी ब्रिज, कारोबार पर पड़ा असर



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मुसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर दो साल से जारी ब्रिज निर्माण तय समय से महीनों पीछे चल रहा है. अधूरे काम ने आधा दर्जन कॉलोनियों की आवाजाही प्रभावित कर दी, जबकि बाजारों में ग्राहकी घटने से व्यापारियों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है.**

मुसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर निर्माणाधीन ब्रिज की धीमी रफ्तार अब स्थानीय लोगों और व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है. करीब दो वर्ष पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट को एक वर्ष में पूरा करने का दावा किया था, लेकिन तय समय बीतने के पांच महीने बाद भी काम 70 से 80 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है.

ब्रिज निर्माण के कारण रिंग रोड के पश्चिमी हिस्से की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों की सीधी कनेक्टिविटी प्रभावित है. यही मार्ग आजाद नगर, जीपीओ और आसपास के प्रमुख बाजारों तक पहुंचने का मुख्य रास्ता है. मार्ग बंद होने से पश्चिमी क्षेत्र की ग्राहकी तीन इमली, पालदा और बंगाली कॉलोनी की ओर शिफ्ट हो गई है, जिसके चलते छोटे बड़े सभी कारोबार में करीब 80 प्रतिशत तक गिरावट आई है.

### इनका कहना है...




पिछले दो सालों से कनेक्टिविटी टूट गई, जिससे ग्राहक पूरी तरह से कट चुके हैं. रिंग रोड के दोनों तरफ तकरीबन एक हजार व्यापारी हैं, जो बड़ी मंदी की मार झेल रहे हैं.

**– राजेश बघेल**



प्रतिदिन लगने वाले यहां के बाजार से देवगुराड़िया तक जुड़े हुए ग्राहक ब्रिज निर्माण के चलते कट चुके हैं. निवेदन है कि जल्द निर्माण पूरा करें, ताकि पहले की तरह व्यापार चल सके.

**– रवि परिहार**



सिटी बस और दूसरे वाहन पहले अंदर तक चले जाते थे, अब रिंग रोड पर ही रुक जाते हैं. आपातकालीन स्थिति में भी सेवाएं आसानी से नहीं मिल सकतीं. इस ब्रिज का काम जल्दी पूरा होना चाहिए.

**– अचल सक्सेना**